# Economy
# EXPLANATION
# (TEST : 01)

**DATE : 18 Sept., 2019/TIME : 9: 00 am**

1. (a) वे वस्तुएं जिनका उपयोग, उपभोगकर्त्ताओं द्वारा दैनिक जीवन में किया जाता है, निजी वस्तुएं कहीं जाती है। निजी वस्तुओं के अंतर्गत फोन, रेफ्रीजरेटर, कपड़े, कारें, खाद्य पदार्थ इत्यादि आते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, सड़के, सरकारी प्रशासन इत्यादि सार्वजनिक वस्तुओं की श्रेणी में आते हैं। अतः प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (A) होगा।

2. (d) पूंजीगत व्यय, वह व्यय होता है, जिसके परिणाम स्वरूप भौतिक या वित्तीय परिसंपत्तियों का सृजन होता है अथवा उस व्यय से सरकार की वित्तीय देयताओं में कमी आती है। भूमि, भवन, मशीनरी उपकरणों का अधिग्रहण, शेयरों में निवेश पर व्यय, पूंजीगत व्यय की श्रेणी में आते हैं। अतः प्रश्न का अभीष्ठ उत्तर विकल्प (d) होगा।

3. (a) आर्थिक एवं सामाजिक विकास को बढ़ावा देने वाले सभी व्ययों को विकासात्मक व्यय कहा जाता है। इस तरह के व्यय, उत्पादक व्यय के समान होते हैं, इनसे भौतिक परिसंपत्तियों का सृजन होता है। उदाहरण- शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, रोजगार, परिवहन, संचार आदि क्षेत्रों में विकास। पुलिस, न्याय प्रशासन, रक्षा, ब्याज भुगतान, राज्यों को अनुदान इत्यादि गैर विकासात्मक व्यय की श्रेणी में आते हैं। उपर्युक्त व्याख्या के आधार पर प्रश्नोत्तर का अभीष्ट उत्तर विकल्प (a) होगा।

4. (d) प्रत्यक्ष कर, वह कर है जो जिस व्यक्ति पर लगाया जाता है वही उसका भार उठाता है। इस कर को टाला नहीं जा सकता और न ही इसका भार आंशिक या पूर्ण रूप से किसी अन्य व्यक्तियों को हस्तांतरित किया जा सकता है। निगमकर, संपत्ति कर, व्यय कर संपदा शुल्क, प्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं। बिक्री कर, उत्पाद कर, सीमा शुल्क, आबकारी कर इत्यादि अप्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं।

5. (d) गैर कर राजस्व के अंतर्गत मुख्य रूप से सम्मिलित हैं:-
   - केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए ऋण पर ब्याज प्राप्तियाँ।
   - अंतर्राष्ट्रीय संगठनों एवं विदेशी राष्ट्रों द्वारा नगद अनुदान।
   - सरकार के निवेश पर लाभ।
   - सरकार द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए शुल्क एवं अन्य प्राप्तियाँ।

   उपरोक्त कथनों के आधार पर प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) है

6. (a) वे प्राप्तियां जो सरकार की देयता में वृद्धि करती हैं अथवा वित्तीय संपत्तियों में कमी करती हैं, पूँजीगत प्राप्तियां कहलाती हैं। भविष्य निधियां, लघु बचत, केन्द्र सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण की पुनः प्राप्ति, सरकार द्वारा जनता से प्राप्त किया गया ऋण आदि पूँजीगत प्राप्तियां हैं।

7. (a) यदि किसी वर्ष में सरकार के कर राजस्व की तुलना में सरकारी व्यय अधिक हो जाता है तो उस वर्ष बजटीय घाटे की स्थिति उत्पन्न होती है। यदि किसी वर्ष में सरकार के कर राजस्व की तुलना में सरकारी व्यय कम होता है तो उस वर्ष बजटीय आधिक्य की स्थिति होगी। यदि किसी वर्ष में सरकार का कर राजस्व एवं सरकारी व्यय बराबर होते हैं तो

यह वर्ष सरकार के संतुलित बजट की अवस्था को दर्शाती है। अतः प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (a) होगा।

8. (d) जी.एस.टी. के तहत केन्द्रीय कर के अंतर्गत केन्द्रीय उत्पाद कर, उत्पाद शुल्क (चिकित्सा और शौचालय संबंधी), अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विशेष महत्त्व की वस्तुएं और कपड़ा तथा कपड़ा उत्पाद) अतिरिक्त सीमा शुल्क, सेवा कर, माल या सेवा की आपूर्ति विषयक उपकर और अधिभार इत्यादि आते हैं। क्रय कर, केन्द्रीय बिक्री कर, विज्ञापन कर, लॉटरी, जुआ कर इत्यादि राज्य कर के अंतर्गत आते हैं। प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) है।

9. (d) उत्तम कराधान प्रणाली की पांच प्रमुख विशेषताएं होती हैं- निष्पक्षता, पर्याप्तता, सरलता, पारदर्शिता और प्रशासनिक सहजता।

10. (b) प्रभावी राजस्व घाटा एक नई अवधारणा है, जिसे संघीय बजट 2011-12 द्वारा पहली बार इस्तेमाल किया गया। परंपरागत रूप से राजस्व घाटा सरकार की राजस्व प्राप्ति और व्यय के बीच का ऋणात्मक अंतर है। ज्ञात हो कि इस घाटे में केन्द्र सरकार के वे व्यय शामिल होते हैं जो राज्य सरकारों को अनुदान के रूप में देता है और इसमें कई विकासशील परिसंपत्तियों का सृजन होता है। अतः प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (b) है।

GS World
Committed To Excellence

## *ANSWER KEY*
## *ECONOMY, 18 Sept., 2019 (Test-1)*

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (d) | 3. | (a) | 4. | (d) | 5. | (d) | 6. | (a) | 7. | (a) | 8. | (d) | 9. | (d) | 10. | (b) |